हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 4 जनवरी 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वालों का विधायक ने किया सम्मान





11 कनेरी में अटलजी की प्रतिमा का अनावरण




**खबर संक्षेप**

### जुन्नापानी में दो दिवसीय मानसगान आज से

**डौंडीलोहारा।** विकासखण्ड के वनांचल ग्राम जुन्नापानी में 4 जनवरी से दो दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन जय भवानी युवा मानस समिति एवं समास्त ग्रामवासी ग्राम जुन्नापानी के तत्वावधान में किया गया है। समिति के नोमेश वैष्णव ने बताया कि 4 व 5 जनवरी को क्रमशः 9- 9 ख्याति प्राप्त मंडलियां भाग लेगी। इस दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन में ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।

### पेंशनर कल्याण संघ की बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 जनवरी को सुबह 12 बजे से रखी गई है। अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा ने बताया बैठक में बस्तर संभाग में हुए वार्षिक सम्मलेन की जानकारी दी जाएगी, साथ ही अन्य महत्वपूर्ण जानकारी अध्यक्ष द्वारा दी जाएगी, इसलिए सभी पेंशनर अधिक संख्या में उपस्थिति दें।

### पसौद में मड़ई मेला कल

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद (हल्दी) में 5 जनवरी को नए वर्ष के स्वागत में मड़ई मेले का आयोजन रखा गया है। सरपंच पतिनिधि चुरामन यादव ने बताया कि ग्राम में मड़ई मेला के आयोजन का यह 28वां वर्ष है। उपसरपंच जीवनलाल साहू ने बताया इस दिन ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन राधा कृष्ण लोक कला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी दर्रे बंजारी तहसील छुरिया जिला राजनांदगाव वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

अपराध : ग्राम सांगली में सुबह 4 बजे हुई वारदात

# पत्नी की हत्या कर पति ने किया सरेंडर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बालोद जिले के कंवर थाना चौकी के ग्राम सांगली में एक महिला को उसके पति ने कुल्हाड़ी से मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। इस घटना में घायल महिला ईश्वरी साहू को इलाज के लिए धमतरी के जिला अस्पताल परिजनों द्वारा ले जाया गया, जहां पर इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

कंवर चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सांगली में सुबह 4 बजे की घटना बताई जा रही है। बताया गया है कि घर में पति केवल साहू ने अपनी पत्नी ईश्वरी साहू को चाय बनाने बोला। ईश्वरी साहू रसोई अंदर गई तो पति केवल साहू ने रसोई का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। वहीं घर के बच्चे और ईश्वरी साहू की मां दरवाजा खटखटाते रही। दरवाजा खोलने की कोशिश भी की, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इस दौरान ईश्वरी साहू रसोई के अंदर चिल्लाती रही और पति केबल साहू अपने ही पत्नी पर धारदार लोहे के वस्तु से जानलेवा हमला कर रहा था। हमले के बाद पति ने खुद दरवाजा खोला और घर से फरार हो गया।

- कीचन में गई थी चाय बनाने, पति ने दरवाजा बंद किया और घटना को दिया अंजाम

ईश्वरी साहू को घायल अवस्था में धमतरी के जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पत्नी की हत्या के बाद वह कंवर चौकी पहुंचा को पत्नी की हत्या करना बताकर खुदको सरेंडर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कंवर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

# लेफ्टिनेंट नर्सिंग अफसर वीणा पहुंचीं गांव, उपलब्धि पर बधाई देने पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम जमरूवा निवासी चेतन साहू और दमयंतीन साहू की पुत्री 24 वर्षीय वीणा साहू भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट नर्सिंग अफसर के पद पर चयनित हुई है, उनकी पोस्टिंग वर्तमान में अंबाला हरियाणा के मिलिट्री हॉस्पिटल में है, जहां से वे तीन माह बाद अपने गांव जमरूवा लौटी, जहां उनके लौटने के बाद जब लोगों को उनके घर आने की जानकारी मिली तो उनसे मिलकर उनको व उनके परिवार वालों को बधाई देने लोग पहुंच रहे हैं।

बता दे कि लेफ्टिनेंट नर्सिंग अफसर वीणा साहू गांव के सरस्वती शिशु मंदिर में 5वीं कक्षा तक पढ़ाई की है, 6वीं से 10वीं तक वे मुक्ताश्रम हथौद में पढ़ाई की, जिसके बाद वेह 11वीं व 12वीं की पढ़ाई कन्नेवाड़ा स्कूल में बायो विषय लेकर की, जहां 12वीं की पढ़ाई पूरी होने के बाद उनके परिजनों द्वारा बेहतर शिक्षा के लिए उन्हें भिलाई के बीएससी नर्सिंग कॉलेज में ▶▶| शेष पेज 11 पर





**विधायक संगीता ने शाल भेंटकर किया सम्मान**



**बालोद।** जिले के ग्राम जमरूवा निवासी वीणा साहू भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट नर्सिंग अफसर के पद पर चयन होकर वापस अपने घर पहुंची, जहां विधायक संगीता सिन्हा ने वीणा और उसके परिजनों से मुलाकात की। विधायक संगीता सिन्हा ने वीणा को गुलस्ता, साल भेंट कर बधाई दी तथा उनके परिजनों से मिलकर उनसे बात की।



# जन आवश्यकताओं को बजट में शामिल कराने उपमुख्यमंत्री साव से मिले भाजपा सदस्य

**बालोद/सिकोसा।** भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चौधरी ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर जन आवश्यकताओं को 2025 बजट में शामिल करने का आग्रह किया। इसमें कमरौद से सांकरी पुल निर्माण, खैरबना से कांदुल सड़क निर्माण, सलौनी से तिलखैरी सड़क मार्ग, गोरकापार से गब्दी सड़क निर्माण, मोहलई से कबीरधाट सड़क निर्माण, मटेवा से मटिया(अ) सड़क निर्माण, तिलखैरी से देवरी पुल निर्माण, चंदनबिहरी से रेहंची सड़क निर्माण, चीचा नाला पुल निर्माण, चौरेल – एनीकट मरमत की मांग शामिल है। उन्होंने बताया कि विष्णुदेव साय की सरकार प्रदेश के जन आवश्यकताओं को पूरा करने कटिबद्ध है, इन गांवों में सड़क और पुल निर्माण के अभाव के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और मुख्य मार्ग को व्यवस्थित महत्वपूर्ण आवश्यकता रही है, जिसे उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर छत्तीसगढ़ 2025 बजट मे शामिल करने आग्रह पत्र सौंपा है।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज

छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ

उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स

- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सीमित सीटे

गर्वमेन्ट जॉब हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स

काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)





## खबर संक्षेप

### एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑन लाइन आवेदन 15 तक

**बालोद**। आदिम जाति कल्याण अवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर द्वारा संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2025–26 के लिए अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 15 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि एकलव्य आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन की पूर्व तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई थी। जिसकी तिथि में वृद्धि करते हुए अब ऑनलाईन पंजीयन की तिथि 15 जनवरी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु नियमावली एवं प्रवेश नीति का अवलोकन एवं प्रवेश पत्र की जानकारी वेबसाईट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर किया जा सकता है।

### सीएम साय ने किया महाराष्ट्र मंडल के कैलेंडर का विमोचन

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को महाराष्ट्र मंडल के वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल रायपुर और बृहन्महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री साय को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अजय काले व बृहन्महाराष्ट्र मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शेखर राव साहेब अमीन ने उन्हें 10 जनवरी से शुरू हो रहे राष्ट्रीय अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का ससम्मान निमंत्रण दिया, जिसे सीएम ने अपने स्टाफ से चर्चा के बाद स्वीकार कर लिया। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर सुबोध टोले, श्याम सुंदर खंगन, विशाखा तोपखानेवाले, गीता श्याम दलाल, नमिता शेष, निरंजन पंडित, पारितोष डोनगांवकर और सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## निधन

### जयपाल सिंह बैस

**कुसुमकसा**। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक जयपाल सिंह बैस 65 वर्ष का गुरुवार की रात निधन हो गया।



वे प्रतिष्ठित व्यवसायी व जनपद सदस्य संजय बैंस के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में गुरुवार 3 जनवरी को किया गया। अंतिम यात्रा में कुसुमकसा सहित आसपास क्षेत्र से सैकड़ों नागरिक उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कुसुमकसा के व्यापारियों ने अंतिम संस्कार तक अपने अपने दुकान बंद कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### झमीत मानकर

**डौंडी**। नगर के वार्ड 7 निवासी भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष पार्षद संजीव मानकर की माता झमीत मानकर का रात्रि में निधन हो गया है, उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान भंडारी पारा से मुक्तिधाम अवारी के लिए निकाली गई, जहां बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

**पर्यटन**

यहां हर मौसम में रहता है मनमोहक नजारा, सैरसपाटा के लिए दूर-दूर से पहुंच रहे लोग

# ओनाकोना ने अपनी प्राकृतिक सुंदरता से पर्यटन के क्षेत्र में बनाई विशेष पहचान







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

धान के कटोरा के नाम से विख्यात रत्नगर्भा भूमि छत्तीसगढ़ अपने अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य से भी परिपूर्ण है, सरगुजा से लेकर बस्तर तक प्रत्येक स्थानों पर यहां के वादियों में प्रकृति अपने अनुपम मनोरम छटा बिखेरती नजर आती है। प्रकृति के खूबसूरत वादियों में स्थित छत्तीसगढ़ के अनूपम एवं अद्वितीय सौंदर्य को देखकर हम सभी को यह आभास होता है कि छत्तीसगढ़ महतारी अपने आप में प्रकृति के खुबसूरत रंगों को अंगीकार कर लिया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में पर्यटन के विकास एवं संभावना को समझते हुए इन पर्यटक स्थलों को नई पहचान दिलाने हेतु किए जा रहे कार्यों के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में पर्यटन को एक अलग पहचान मिली है। स्थानीय लोगों के साथ ही देश–विदेश से भी लोग छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक खूबसूरती को निहारने पहुंच रहे हैं। बालोद जिले में एक ऐसी ही प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण जगह है, जिसे लोग ओनाकोना के नाम से जानते हैं। ओनाकोना ने अपनी प्राकृतिक सुंदरता से छत्तीसगढ़ में पर्यटन के क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई है।

बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम करेंझर का आश्रित ग्राम ओनाकोना प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है। यहां एक ओर पहाड़ी से घिरा जंगल तो दूसरी ओर महानदी पर बना गंगरेल जलाशय स्थित है। ओनाकोना में हर मौसम में मनमोहक नजारा होता है, यहां एक ओर पानी, दूसरी ओर जंगल होने से ठंडकता बनी रहती है, जिससे वर्ष भर लोग यहां मनमोहक नजारे का आनंद लेने आते हैं।

ओनाकोना को पर्यटन के क्षेत्र में पहचान दिलाने में यहॉ बन रही भव्य एवं विशाल मंदिर का भी योगदान रहा है। यहॉ नासिक स्थित त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग धाम की तर्ज पर भव्य एवं आकर्षक मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। यह मंदिर वर्तमान में निर्माणाधीन है, किन्तु देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि यह मंदिर काफी प्राचीन है, जिसे लोग दूर–दूर से देखने और मंदिर के साथ अपनी तस्वीर लेने भी यहां आते हैं।





**यहां सालभर रहता है पानी :** ओनाकोना में स्थानीय मछुआरे बोटिंग कराकर मनमोहक नजारे का सैर भी कराते हैं। गंगरेल जलाशय का डुबान क्षेत्र होने की वजह से यहॉ वर्षभर पानी रहता है। जिसमें गांव के स्थानीय ग्रामीण एवं मछुआरों द्वारा पारम्परिक रूप से बनाई गई चप्पू वाली नाव पर सैर भी कराया जाता है, यहॉ आने वाले पर्यटक नाव में बैठकर खूबसूरत नजारे का आनंद भी लेते हैं। इससे पर्यटकों को खूबसूरत पल मिला है तो वहीं स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिला है। ओनाकोना में बड़ी संख्या में प्राकृतिक सुंदरता को देखने आने वाले पर्यटकों के साथ ही यह स्थान अब प्री वेडिंग शुट और वीडियो एल्बम शुट के लिए काफी चर्चित हो चुका है। यहॉ की सुंदरता ने वीडियो मेकर्स, प्री वेडिंग शुट, सोशल मीडिया इंफलुएंर्स को अपनी ओर आकर्षित किया है, जिन्होंने इस जगह को काफी खास बना दिया है।

### बोटिंग का नजारा भा रहा पर्यटकों को

ओनाकोना में अपनी प्री वेडिंग के शुट हेतु धमतरी से पहुँचे सूरज सोनी ने बताया कि उन्हें इस जगह की प्राकृतिक खुबसुरती के बारे में काफी लोगों से जानकारी मिली थी। आज वे यहॉ अपनी मंगेतर के साथ प्री वेडिंग शुट के लिए आए हैं, उन्हें यह जगह वाकई में बहुत ही बेहतरीन लगी है। उन्होंने कहा कि यह जगह बालोद जिले के पर्यटन में विशेष स्थान बना चुकी है, हम यहां शादी के बाद अपनी फैमिली के साथ दोबार जरूर आएंगे। इसी प्रकार कांकेर जिले से पहुॅचे श्री प्रभात ने बताया कि उन्हें इस जगह की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिली है। यहॉ आकर उन्हें काफी खुशी हुई है, बोटिंग के साथ यहां का नजारा देखकर मन गदगद हो गया है। जिला प्रशासन बालोद और पर्यटन विभाग द्वारा ओनाकोना में पर्यटन को बढ़ावा देने मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी बेहतर ढंग से की गई है। यहॉ सीसीरोड, पेयजल, शौचालय, सोलर लाईट सहित बैठक आदि की भी व्यवस्था की गई है। ओनाकोना में रायपुर, धमतरी, बालोद, कांकेर से आसानी से पहुँचा जा सकता है। बालोद जिले के ग्राम पुरूर से नेशनल हाईवे क्रमांक 30 पर लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित राजाराव पठार से 05 किलोमीटर का सफर तय कर ग्राम ओनाकोना पहुंचा जा सकता है।

# पंचायत चुनाव : स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुरुवार को विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में त्रि–स्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत प्रस्तावित स्ट्रांग रूम एवं वेयर हाउस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- चुनाव के लिए डौण्डी विकासखण्ड में बनाये गए हैं 174 मतदान केन्द्र

इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम राम कुमार सोनकर एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रस्तावित स्ट्रांग रूम में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने त्रि–स्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड में मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की कुल संख्या, सामग्री वितरण एवं सामग्री संग्रहण केन्द्र, वाहन पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।





जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले ने बताया कि त्रि–स्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड में कुल 174 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2024 की स्थिति में डौण्डी विकासखण्ड में कुल 80 हजार 386 मतदाता है। जिसमें से 38 हजार 818 पुरुष, 41 हजार 567 महिला एवं 01 अन्य मतदाता शामिल है। इसके साथ ही निर्वाचक नामावली 01 जनवरी 2025 से पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। मण्डले ने बताया कि 15 जनवरी 2025 को इसका अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। साथ ही सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव भी प्रेषित किया गया है।

उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने विकासखण्ड मुख्यायल डौण्डी में स्थित वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से वेयर हाउस के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने वेयर हाउस में 16 चक्का के गाड़ी को आसानी से प्रवेश सुनिश्चित करने हेतु प्रवेश मार्ग का निर्माण सीधा करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को इस संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

# नींव तिहार में पीएम आवास के लिए हुई नींव खुदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में आज प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने 'नींव तिहार' मनाया गया। इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायतों में पीएम आवास हेतु विधिवत भूमिपूजन कर एक साथ नींव खुदाई भी की गई।

- तिहार में हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने किया जा रहा प्रोत्साहित



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप पात्र ग्रामीणों को पीएम आवास का लाभ दिलाने व आवास निर्माण के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य से 'नींव तिहार' मनाया गया। उन्होंने बताया कि 'नींव तिहार' का उद्देश्य हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिसमें हितग्राहियों को पक्के आवास के लाभ, आवास हेतु कुल राशि, कुल राशि कितने किश्तों में प्राप्त होगी तथा आवास हेतु निर्माण सामग्री के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024–25 में कुल 09 हजार 874 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिसमें बालोद विकासखण्ड में 1307 स्वीकृत आवास में से 1161 आवास का निर्माण का प्रांरभ किया जा चुका है। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड में 1941 स्वीकृत आवास में से 908, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में 1724 स्वीकृत आवास में से 1173, गुण्डरदेही विकासखण्ड में 2919 स्वीकृत आवास में से 1946 एवं गुरूर विकासखण्ड में 1983 स्वीकृत आवास में से 1428 आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है।

सीईओ कन्नौजे ने बताया कि स्वीकृति एवं प्रथम किश्त की राशि प्रदान करने जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत के अमलों द्वारा क्लस्टरवार एवं ग्राम पचांयतवार उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें हितग्राहियों को आवास निर्माण से संबंधित तकनीकी एवं अन्य जानकारी प्रदान की गई है। इसके साथ ही लाभार्थियों को सुझावात्मक रेखाचित्र प्रदान करते हुए आवास निर्माण से संबंधित मार्गदर्शिका पुस्तिका का वितरण किया गया है।

### आवास हितग्राहियों का गृह पोर्टल बना मददगार

**बालोद**। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता एवं अध्यक्ष चेम्बर ऑफ कामर्स एवं छत्तीसगढ़ कान्ट्रेक्टर एसोसिएसन बालोद की उपस्थिति में बिल्डिंग सामग्री विक्रेता एवं मटेरियत सप्लायरों की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने उपस्थित समस्त व्यापारीगण एवं जिला स्तरीय अधिकारियो को संबोधित करते हुए कहा कि वृहद आवास निर्माण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राज्य स्तर पर गृह पोर्टल का निर्माण किया गया है। जिसके माध्यम से आवास के हितग्राहियों एवं व्यापारियों के बीच के साकारात्मक माहौल तैयार कर सस्ते दामों पर छड़, सीमेंट एवं अन्य निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने को कहा है। जिससे शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निर्मित होने वाले आवासों का निर्माण कार्य निर्धारित समय–सीमा में पूरा हो सके।

# कलेक्टर ने मक्का फसल और एनीकट का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुरुवार को डौण्डी विकासखण्ड के प्रवास के दौरान छिंदगांव में मक्का फसल एवं पटेली में एनीकट का निरीक्षण किया।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम छिंदगांव में किसानों से मक्का फसल के उत्पादन के संबंध में चर्चा की। इस दौरान किसानों ने फसल उत्पादन के समय आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें उन्होंने मक्का बेचने हेतु सोसायटी नहीं होने की समस्या, उड़द, मक्का बीज की उपलब्धता की समस्या को बताया। किसानों ने प्रतिएकड़ मक्का का उपज 25–30 क्विंटल उत्पादन होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 एकड़ में 'पापकार्न' हेतु कच्चा मक्का बीज विक्रय हेतु फसल तैयार किया गया है। किसानों ने बताया कि धान के बदले मक्का उत्पादन से कम पानी में अच्छी फसल की पैदावार हो जाती है। उन्होंने बताया कि 70–75 एकड़ में 50–60 किसानों ने मक्का उगाया है। इस तरह अन्य किसान भी मक्का उत्पादन के लिए प्रेरित हो रहे है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को किसानों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराने एवं उनके समस्याओं के समाधान का उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- किसानों से हुए रुबरु, फसल उत्पादन में आने वाली समस्याओं से हुए अवगत

डौण्डी विकासखण्ड के प्रवास के दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने ग्राम पटेली में स्थित नदी पर बने एनीकट का निरीक्षण किया। उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि पटेली एनीकट के निर्माण होन से किसानों को सिंचाई पर्याप्त पानी उपलब्ध हो पा रहा है। इसके साथ भूमिगत जल स्तर में भी वृद्धि हुई है। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपानल अधिकारी डीडी मण्डले सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

**नववर्ष मिलन समारोह में शामिल हुए कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारी**

# नये साल में आमजनों के हित में संकल्पित होकर कार्य करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय सिवनी के समीप स्थित ऑफिसर क्लब में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर सहित सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, संयुक्त एवं डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।





चन्द्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को नये साल में आम जनता के हितों के लिए सदैव संकल्पित रहकर बालोद जिले को प्रत्येक क्षेत्रों में अग्रणी बनाने हेतु नया संकल्प लेने की अपील की। कलेक्टर चन्द्रवाल ने नये साल में समाज के बेहतरी एवं अपने शासकीय दायित्वों के सफलतापूर्वक निर्वहन हेतु निरंतर ज्ञानार्जन करते रहने तथा नेक कार्य करने का भी संकल्प लेने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने बालोद जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के कार्यों एवं व्यवहार की भूरि–भूरि सराहना की। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने नववर्ष मिलन समारोह सभी के सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर भगत ने जिले के संवेनदशील कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के कुशल नेतृत्व में जिले में हुए उल्लेखनीय कार्य की सराहना की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने नववर्ष मिलन समारोह के इस आयोजन को जिले के अधिकारी–कर्मचारियों का मिलन एवं अपने विचारों को साझा करने का भी बेहतरीन माध्यम बताया। डॉ. कन्नौजे ने आज के इस आयोजन को जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल द्वारा शुरू किए गए उत्कृष्ट नवाचार बताया। उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामना देते हुए अपने सेहत के प्रति भी जागरूक रहकर शासकीय कार्यों का पूरी निष्ठा एवं इमानदारी के साथ निर्वहन करने को कहा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन कर आम जनता के हितों एवं कल्याण के प्रति सदैव संकल्पित रहने की भी अपील की।

## खबर संक्षेप



### पिछड़ा वर्ग संगठन ने की डॉक्टरों से मुलाकात

**रायपुर।** पिछड़ा वर्ग के समाज प्रमुखों और छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के साथ आंबेडकर अस्पताल में सेवा दे रहे चिकित्सकों से मुलाकात की और नववर्ष की बधाई दी, जिसमें अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल, देवप्रिय लकड़ा, डॉ. राजीव लोचन खरे, डॉ. मनोज साहू, डॉ. देव कुमार टंडन शामिल है। समाज प्रमुखों में गोपाल वर्मा, सुरेश नेताम, हेमंत, मनोज देवांगन, चंद्रेश देवांगन, महेंद्र वर्मा, साधुराम चौहान, शारदा प्रसाद सोनकर, वरुण निर्मलकर, जितेंद्र सोनकर, गोपाल सारथी, उदय राम निषाद, घनश्याम यादव, रोशन निर्मलकर, प्रभात सोनछत्र, अंबे बाघमार, नरेंद्र निर्मलकर आदि सभी समाज प्रमुखों ने नववर्ष के उपलक्ष्य में सम्मान किया।

### डांस करने के दौरान चाकू से जानलेवा हमला

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुरैना में नए साल को लेकर नाच-गाने के कार्यक्रम के दौरान धक्का लगने से युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अरुण सोना की शिकायत पर पुलिस ने संजय रात्रे को गिरफ्तार किया है। संजय ने 31 दिसंबर की रात डांस करने के दौरान पैर लगने से योगेश साहू पर चाकू से हमला कर हत्या करने की कोशिश की थी।

### फर्जी बिल बनाकर 45 लाख की ठगी

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक निर्माण क्षेत्र से जुड़े कारोबारी ने अपने कर्मचारी के खिलाफ फर्जी बिल बनाकर 45 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मेसर्स कैलाश अग्रवाल फर्म में अकाउंटेंट का काम करने वाले सतीश सिंगौर ने अमित अग्रवाल के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सतीश ने पुलिस को बताया कि अमित ने अमन ट्रेडर्स के नाम से फर्जी फर्म बनाकर निर्माण सामग्री का आर्डर कर बिल पेश किया और पैसा फर्जी फर्म में पैसा ट्रांसफर काकर ठगी की है।

## पेज 9 का शेष

### लेफ्टिनेंट नर्सिंग ...

भर्ती कराया गया। जहां उन्होंने अपने सपनों को पूरा करने के लिए लगातार मेहनत करती रही, जिसका परिणाम आज पूरे जिलेवासियों के जुबा पर है। घर की परिस्थितियों व संघर्षों से हार न मानकर आगे बढ़ने की ललक ने जिले के ग्राम जमरूवा की एक किसान की बेटी वीणा साहू ने सफलता प्राप्त करते हुए लेफ्टिनेंट नर्सिंग अफसर बन कर परिवार के साथ जिले का नाम गौरवान्वित किया। इसकी तारीफ जिले में हो रही है और हर कोई इस बेटी से मिलकर उन्हें व उनके परिवार को बधाई दे रहे हैं।
विदित हो कि बचपन से ही स्वयं को बेहतर करने का सपना देख ग्राम जमरूवा के वीणा साहू ने संघर्षों से हार न मानकर उन संघर्षों से मिलने वाले सिख को सफलता की सिढ़ियां बनाते चली और इन्ही संघर्षों के दिनों में मिले सबक को सुधारते वह एक ऐसी सफलता प्राप्त की कि उसकी चर्चा चारो ओर होने लगी।

# 4 लोकेशन पर किराएदारों के किफायती आवास के 1100 ईडब्लूएस फ्लैट खाली, 4 गुना ज्यादा मिले आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम द्वारा किरायेदारों के लिए किफायती आवास स्कीम में शहर के 4 विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित 1100 खाली पड़े ईडब्लूएस आवास के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाये गये। इसमें कचना, सोनडोंगरी, दलदलसिवनी और मठपुरैना में निर्मित आवास शामिल हैं। इसके लिए 4700 आवेदकों ने आवेदन किये। आवेदन के बाद दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें 15 फीसदी आवेदक अपात्र पाये गये। पात्र पाये 1100 हितग्राहियों को पात्रता अनुसार लाटरी निकालकर आवास आवंटन की प्रक्रिया अपनाई गई। भाठागांव क्षेत्र स्थित मठपुरैना के बीएसयूपी साइट में 406 बहुमंजिला ईडब्लूएस फ्लैट के लिए करीब 4 गुना ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए। मोर मकान मोर आस स्कीम के तहत रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले किरायेदारों को किफायती

### गांधी सदन में पात्र हितग्राहियों को लाटरी निकालकर आवास आवंटन

कचना, सोनडोंगरी दलदल सिवनी, मठपुरैना में 1100 आवास के लिए मंगाये थे आवेदन

दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच 15 फीसदी अपात्र



आवास के लिए निगम मुख्यालय ने आवेदन मंगाए। इन स्थानों पर निर्मित फ्लैट के लिए निर्धारित संख्या से ज्यादा आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। आवेदन पत्रों के साथ संलग्न दस्तावेजों की आनलाइन जांच की गई। बुधवार को मठपुरैना साइट में रिक्त 118 ईडब्लूएस आवास आवंटन के लिए लाटरी गांधी सदन के सामान्य सभाागार में आमंत्रित हितग्राहियों के समक्ष निकाली गई। इसके पूर्व कचना, दलदल सिवनी और सोनडोंगरी में रिक्त ईडब्लूएस फ्लैट का लाटरी निकालकर पात्र हितग्राहियों को आवंटन की प्रक्रिया अपनाई गई थी।

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया चार स्थानों पर 1100 पात्र आवेदकों को ही लाटरी पद्धति से आवास आवंटन किया जा रहा है। बाकी के पात्र हितग्राहियों के नाम वेंटिंग लिस्ट में सुरक्षित रहेंगे। योजना के तहत यदि ईडब्लूएस श्रेणी के आवास लाटरी निकालने के बाद खाली रह जाते हैं, तो वेटिंग लिस्ट में शामिल हितग्राहियों को इसमें शामिल कर मौका दिया जाएगा।



# शहर में दर्जनभर स्थानों पर ठंड से राहत देने अलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

> ■ निगम ने सार्वजनिक स्थानों पर शीतलहर से बचने की व्यवस्था

शहरवासियों को ठिठुरन से बचाने नगर निगम प्रशासन ने शहर के दर्जनभर चौराहों सहित सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर 10 जोन के कमिश्नर के माध्यम से अलाव जलाने की व्यवस्था बनाई गई है। जोन स्तर पर लकड़ी और कंडे की व्यवस्था करने दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

शीतलहर में आम जनता को राहत देने गोगांव बाजार में सुलभ के पास, श्रीनगर सुलभ शौचालय के सामने, जयस्तंभ चौक, टाउन हाल, एम्स अस्पताल परिसर, टाटीबंध गुरुद्वारा गार्डन, अंतर राज्यीय बस स्टैंड के पास, रेलवे स्टेशन, आंबेडकर अस्तपाल के सामने, खमतराई बाजार, भनपुरी बाजार, लाखेनगर चौक सहित अन्य स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है।

### अलाव तापने जुट रहे लोग

राजधानी में ठंड बढ़ने के साथ ही चौराहों पर ठंड से राहत पाने अलाव तापने लोग जुटने लगे हैं। नये बस स्टैंड के सामने यात्रा के सिलसिले में बाहर से आने-जाने वाले यात्रियों को अलाव की व्यवस्था से राहत मिली है। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल ने बताया कि आने वाले दिनों में 3 अन्य स्थानों पर लोगों को ठंड से राहत दिलाने अलाव की व्यवस्था जोन स्तर पर की जायेगी।

## समारोह : विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण भी हुआ

# कनेरी में अटलजी की प्रतिमा का अनावरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम कनेरी में भारत माता की प्रतिमा और अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का अनावरण समारोह के साथ–साथ विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन लोकार्पण कार्यक्रम और सरस्वती शिशु मंदिर कनेरी का वार्षिकोत्सव और मातृ सम्मेलन का आयोजन रखा गया था। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जन सेवक संजारी बालोद राकेश यादव ने कहा कि हम इस गांव को गोद लेते हैं। इस गांव के हर समस्या का समाधान होगा।

उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों के भी सराहना की और उनके विकास के लिए भी अपनी ओर से 10 लाख देने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में विभिन्न निर्माण कार्यों के तहत अमृत सरोवर तालाब के पास वाल निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। वहीं ओपन जिम सह गार्डन निर्माण भी होगा। साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र कनेरी में निर्मित 6 बिस्तर अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भी लोकार्पण हुआ। सेवा सहकारी समिति कनेरी में निर्मित खाद गोदाम का लोकार्पण हुआ। वहीं भारत मां की प्रतिमा का अनावरण भी इस कार्यक्रम में हुआ। मुख्य अतिथि राकेश यादव ने कहा यह मेरे लिए गौरव की बात है। आज अटल जी की प्रतिमा का अनावरण करने का सौभाग्य मिला। यहां का जन–जन राष्ट्र प्रेम से प्रेरित है। मैं उन्हें प्रणाम करता हूं। जिन्हें इस तरह से संस्कार मिले। सरपंच दिनेश्वरी का यह कार्य सराहनीय है। कनेरी के लोगों को मैं भरोसा दिलाता हूं कि भारतीय जनता पार्टी का नेता होने के नाते अभी हमारी सरकार है। भाजपा सरकार इस गांव को गोद लेती है। इस गांव में कोई समस्या नहीं रहेगी। शिशु मंदिर के बच्चों और बहनों ने जो हमारा स्वागत किया उनका भी मैं अभिनंदन स्वागत करता हूं। 10 लाख का शेड हमने शिशु मंदिर के लिए स्वीकृत कराया है। जल्द सरपंच को आदेश आ जाएगा। उसके अलावा 10 लाख और शिशु मंदिर परिवार को दिलाने की घोषणा करता हूं। विद्यालय के विकास के लिए 5000 बच्चों के पुरस्कार के लिए और 5000 हजार दीदियों आचार्यों को भी 5–5 हजार देने की घोषणा की। विशेष अतिथि के तौर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, इशा प्रकाश साहू, लेखक चतुर्वेदी, सरपंच दिनेश्वरी पन्नालाल सिन्हा, मेहतर नेताम, रेखलाल पटेल, सहित हेमलाल ग्रामीण अध्यक्ष, खेमलाल सिन्हा, किसुन जानू राम साहू, पन्ना सिन्हा गिरधारी, संत साहू, कामता देवांगन पंचायत सचिव, पंच लक्ष्मी, तारकेश्वरी साहू, देवबती निर्मला पटेल, रोशनी सिन्हा, दामिनी पटेल आदि मौजूद थे।

### शिशु मंदिर के बच्चे होते हैं गुणवान और संस्कारवान

अध्यक्षता कर रहे नंद किशोर शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का कनेरी गांव में अनावरण होना गर्व की बात है। गांव कनेरी की यह महिमा है कि सर्वाधिक मतों से भाजपा की जीत इस गांव से हुई है। इसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं। हमारे भाइयों की ओर से जो पुरस्कार राशि 25000 मिले थे, उसका सदुपयोग कर प्रतिमा निर्माण किया गया, यह भी अच्छी बात है और भी बहुत सारे काम यहां होंगे। विकास की गंगा बहेगी, जो काम अधूरे हैं वह जरूर पूरे होंगे। ताकि इस गांव की समस्या दूर हो और जो जरूरत है वह पूरी हो। शिशु मंदिर के बच्चे बहुत ही संस्कारवान और गुणवान होते हैं। वे भारतीय संस्कृति को सहेज कर रखते हैं। जिससे आने वाली पीढ़ी भी सीख लेगी। विशेष अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता जनार्दन सिन्हा ने कहा कि कनेरी के पावन धरती पर भारत माता और अटल जी की प्रतिमा लोकार्पित हुई है। सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम भी इसमें जोड़ा गया। यह स्कूल पहले संत कुमार साहू के निवास पर लग रहा था हम संघ वालों के पास लगातार जाकर इसके लिए भवन की मांग कर रहे थे, जो हमारी मांगें सफल हुई। आज शिशु मंदिर के एक भवन का भी लोकार्पण हुआ। यह हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। शिशु मंदिर में जो बच्चे पढ़ते हैं वह गुणवान संस्कारवान होते हैं। यह सर्व विदित है।

# तप कर लोहा तपाते हैं, छत्तीसगढ़ के लोहार

संजय कुमार साहू ▶▶| अंडा

### पुरखों से धातु की खोज करने, उसे गलाने और कृषि उपकरण के लिए उपयोगी सामग्रियां बनाने में महारत हासिल लोहार समाज को

छत्तीसगढ़ की लोक सांस्कृतिक परम्परा और लोक साहित्य में लोहारों से संबंधित एक महत्वपूर्ण लोकोक्ति प्रचलित है- सगा घर सगा गिस, धर सगा सगा ल, मार सगा सगा ल। अर्थात लोहार घर लोहे का सामान लेकर कोई आया है, तो उसे भट्टे में गर्म करो, लोहे के हथियारों से पकड़ों, ठोंक-पीट कर मरम्मत करो या कोई नई सामग्री बनाओ। इससे स्पष्ट होता है कि छत्तीसगढ़ के लोहार जो आजकल अपनी उपजाति विश्वकर्मा लिखते हैं, वे लौह कर्म से जुड़े हुए हैं।

अपने पुरखों से धातु की खोज करने, उसे गलाने और कृषि उपकरण सहित अन्य लोक जीवन के लिए उपयोगी और आवश्यक सैन्य सामग्रियां बनाने में इन्हें महारत हासिल रहती है, पर वर्तमान की मशीनीकरण से लोहारों का लौह शिल्प पूरी तरह से दुष्प्रभावित हो गई है। वहीं अब इनकी शिल्पकारी लगभग विलुप्तता की कगार पर है, जो भी अभी लोहारी कार्य कर रहे हैं, वे अपनी पीढ़ी के अंतिम शिल्पकार हैं। आने वाली पीढ़ियों की रुचि इसमें बिल्कुल नहीं है। जनजाति शोधार्थी व प्रधान पाठक राम कुमार वर्मा अपने समुदाय विस्तार सेवा व



संजय साहू ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांवों का निरंतर दौरा कर ऐसे शिल्पकारों से व्यक्तिगत चर्चा व संवाद कर छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की विलुप्तता पर चिंता व्यक्त की है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडा के 65 वर्षीय लौह शिल्पकार आशा राम विश्वकर्मा ने बताया कि-एक समय था, जब प्रत्येक कृषि प्रधान गांव में लोहार अवश्य रहा करते थे और इन्हें पौनी-पसारी के रुप में गांवों में बसाया जाता था। वर्षभर कृषि औजारों की मरम्मत, निर्माण, गाड़ी चक्के में बाठ चढ़ाना, हंसिया, कुदाल, रांपा, रपली, गैंती, हथौड़ी, लोहाटी तारा-कुची, साबर, आरी, बंसुला, बिंधना, पटासी, भंवारी, रेंदा, छिनी, सुम्मा, सुमेरा, पोटिया, कनखिली, असकुड़, बाल्टी निकालने का कांटा, त्रिसूल, बाना, सांगा आदि बनाना, हल का फल अर्थात लोहा पजाने से लेकर खिड़की, दरवाजे, भवन निर्माण की काष्ठ कला भी इन्हें बखूबी आती थी।

इसी कारण सम्मान के साथ इन्हें कारीगर भी कहा जाता था। उनकी कुशलता इनके द्वारा निर्माण की गई काष्ठ व लौह शिल्पों में आज भी देखने को मिलता है। सरकारी बेड़ी, चौबेड़िया, छह बेड़िया, नौ बेड़िया, बारा और सोलह बेड़ियों के दरवाजों से लेकर बाजवट, पलंग, खटिया, खुरा, रहचूली, बैलगाड़ी, सवारी गाड़ी के चक्के के आरे-पुट्ठों का निर्माण भी इन्हीं कारीगरों द्वारा बड़ी कुशलता के साथ किया जाता था।

एक तरह से यह कुशल बढ़ई भी हुआ करते थे। लोहारों से संवाद और इनके घरों के अवलोकन से यह भी पता चला है कि ये अपने घरों के एक कोने में आग की भट्ठी अवश्य बनाते हैं और इसे देव स्थल की तरह पूजित कर एक पारिवारिक अनुशासन से पवित्र रखने का प्रयास करते हैं। इसकी लिपाई-पुताई पाक्षिक रुप से महिलाओं द्वारा सफेदी करना, तीज-त्यौहार पूजा-पाठ करना, गुरुवार को कम बंद रखना, पवित्र मन से काम करना, हरेली त्यौहार के दिन गांव के सभी घरों में छोटे से लोहे के कील ठोंक कर लोगों की रोग-राई, धाईं-धुकी से सुरक्षा, पशुधन की सुरक्षा की कामना करते हैं, जो कि लोक कल्याण की भावनाओं को स्पष्ट करता है। इनमें कुछ सामाजिक और व्यक्तिगत अनुशासन के नियम हैं, जिनका पालन करते हुए लोगों की अर्थात समाज उपयोगी उत्पादक कार्य करके अपनी रोजी-रोटी और आजीविका चलाते हैं। यही कारण है कि आज से लगभग तीस से साल साल पहले हर शिल्पकार पूर्ण प्रसन्नचित मन से काम किया करते थे और उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक तंगी नहीं रहती थी, पर वर्तमान के मशीनीकरण और ऐसे शिल्पों के प्रति लोगों का मोह भंग हो जाने से इन्हें घोर आर्थिक संकट व रोजी-रोटी की परेशानी भी उठानी पड़ रही है। जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि लोग ऐसे शिल्पकारों को समुचित सम्मान देते हुए उनके द्वारा निर्मित शिल्प सामग्रियों को अपने निर्माण कार्यों घरेलू कार्यों सहित दैनिक उपयोग की सामग्रियां बनाने में अवश्य करें, ताकि छत्तीसगढ़ की लोक सांस्कृतिक परंपरा में प्रचलित शिल्प कला एकदम से विलुप्त न हो जाए।

# बघेल बोले- लोगों को बदनाम करने का काम कर रही एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में एक बार फिर ईडी की कार्रवाई को लेकर सियासत गरमाई हुई है। पूर्व मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने वाले ईडी के ट्वीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एजेंसियों पर देश में लोगों को प्रताड़ित और बदनाम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, ये सिर्फ लोगों को बदनाम करते हैं। पूरे देश में ये एजेंसी यही काम कर रही। अभी तक चालान ही प्रस्तुत नहीं कर पाए। चालान प्रस्तुत कर बताएं कि क्या साक्ष्य मिला है। छत्तीसगढ़ के नगर निगमों में प्रशासक की नियुक्ति को लेकर भूपेश बघेल ने कहा, बहुमत के बल पर चुनाव को आगे बढ़ाने विधानसभा में संशोधन विधेयक लाकर पारित किया। अभी निगमों में प्रशासक बैठे हैं। एक महीने बाद पंचायतों का कार्यकाल भी समाप्त हो जाएगा। वहां भी प्रशासक बैठेंगे। एक देश एक चुनाव की बात करते हैं। चुनाव नहीं करा पा रहे, चुनाव से सरकार डर रही है। उन्होंने कहा, चुनाव को आगे बढ़ाने का असंवैधानिक कृत्य भाजपा सरकार ने किया है, इससे स्पष्ट है कि ये लोग संविधान को नहीं मानते।




# सामूहिक अवकाश पर जाएंगे प्रदेशभर के शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के समर्थन में सभी शिक्षकों ने सामूहिक अवकाश लेने का निर्णय किया है। शिक्षक मोर्चा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर डीएड प्रशिक्षितों को नियुक्ति देते हुए बी.एड. प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित रखे जाने की मांग की है। शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत ने कहा, आने वाले दिनों में बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के सेवा सुरक्षा के लिए प्रदेश के 1 लाख 80 हजार शिक्षक संवर्ग सामूहिक अवकाश ले सकते हैं।

शिक्षक मोर्चा ने कहा, जब तक कमेटी का सकारात्मक सुझाव न आए तब तक बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को सेवा से बाहर न किया जाए। साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए सेवा समाप्ति के निर्देश को निरस्त किया जाए। शासकीय सेवा में संलग्न करीब 2900 बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक विगत 15 माह से बस्तर तथा सरगुजा सम्भाग के सुदूर अंचल में सेवारत हैं, इनकी भर्ती छत्तीसगढ़ राज्य भर्ती नियम 2019 के तहत हुई है। केवल नियुक्ति की तिथि के आधार पर इन शिक्षकों की नियुक्ति अमान्य घोषित हो गई है। अतः उनके प्रकरण पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की आवश्यकता है।



**साहू समाज भी उतरा समर्थन में :** शिक्षकों के प्रदर्शन को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी समर्थन मिला है। वे गुरुवार को प्रदर्शनकारी शिक्षकों से मुलाकात करने पहुंचे। उन्होंने शिक्षकों से बातचीत कर उनकी पीड़ा जानी। वहीं छत्तीसगढ़ साहू समाज भी शिक्षकों के समर्थन में उतर गया है। प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंह साहू ने कहा, यदि इन शिक्षकों का टर्मिनेशन वापस नहीं लिया गया और समायोजन सुनिश्चित नहीं किया गया, तो छत्तीसगढ़ का समस्त साहू समाज और अन्य ओबीसी समाज शिक्षकों के प्रदर्शन को समर्थन देगा।



## खबर संक्षेप

### खपरी में मड़ई कल

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम खपरी ब में 5 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है, जहां रात्रि में नाच चम्पा बसन की प्रस्तुति रखी गई है। मेला -मड़ई में दुकानदारों से कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। उक्त जानकारी ग्रामीण सदस्य कमलनारायण साहू ने दी।

### खपरी में मड़ई मेला कल

**गुण्डरदेही।** ग्राम खपरी ब में 5 जनवरी को ग्रामवासियों की ओर से मेला-मड़ई का आयोजन रखा गया है। वही ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी चम्पा बसन भकुर्रा छुरियां की प्रस्तुति होगी। ग्रामीण कमलनारायण साहू व किरण लाल साहू ने बताया कि मेला मड़ई में बाहर से आने वाले दुकानदारों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### कुलिया में 7 को मड़ई मेला

**गुरूर।** ग्राम कुलिया में 7 जनवरी को मेला मड़ई का आयोजन किया गया है। मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन में जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी मंदलोर चम्पारण का आयोजन किया गया है।

### सकरौद में मड़ई मेला आज

**गुण्डरदेही।** ग्राम सकरौद में ग्रामवासियों के तत्वावधान में ग्राम में 4 जनवरी को मेला मड़ई का आयोजन रखा गया है। वहीं ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढी नाच पार्टी बिरेतरा (सिकोसा) की प्रस्तुति होगी।

### मकान में चोरी करने वाला धरा गया

**भिलाई।** चोरी कमामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4),305(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि कार्तिक राम परिवार समेत ग्राम मनकी बालोद गया हुआ था। अज्ञात चोर ने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया। बालोद से वापस लौटने पर आलमारी खुला पड़ा मिला। जिसमें से सोना चांदी के जेवरात गायब मिले। नेवई पुलिस ने चोरी की सूचना मिलने पर आरोपी को पकड़ने टीम बनाई गई। पुलिस को पता चला कि आरोपी बीआरपी कालोनी स्टेशन मरोदा निवासी सुमित पाल जेल से छूटने के बाद कलकत्ता चला गया था। एक दिन पूर्व ही क्षेत्र में उसे देखा गया है। सुमित पाल को थाना लाकर पूछताछ करने पर मकान में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने सोने चांदी के जेवरात जब्त किया। उक्त जेवरातों की कीमत 90 हजार रुपए आंकी गई है।

### डिवाइडर से कार टकराकर पलटी

**भिलाई।** तेज रफ्तार कार अचानक नेशनल हाइवे के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घटना में कार पहले हवा में उछली उसके बाद बीच सड़क में पलट गई। खबर लगते ही मौके पर पुलिस पहुंची। मिली जानकारी सीजी 07 बीएन 2277 कार को ड्राइवर चला रहा था। उसमें एक व्यक्ति सवार था। कार से भिलाई से रायपुर जीएसटी ऑफिस जा रहे थे। घटना गुरुवार सुबह करीब 11 बजे खुसीपार थाने के पास की है। बताया जा रहा है कि उक्त कार सीए की थी, कार चालक सड़क पर चल रहे बड़े वाहनों को साइड देने के लिए कार को सड़क के नीचे उतारा तो अनियंत्रित हो गया।

---

**आयोजन : बोरई प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर**

# विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वालों का विधायक ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम बोरई में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह एवं भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में उन्होंने समाज प्रमुख, शिक्षा के क्षेत्र में, शासकीय सेवा में, स्वच्छता अभियान में, मितानिन स्वास्थ कार्यकर्ता, बैगा, युवा संगठन एवं ग्राम के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले व्यक्तियों को शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को नव वर्ष की बधाई दी और समाज में ऐसी प्रेरणादायक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए संकल्प लिया। साथ ही भव्य डीजे रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता के कलाकार ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रदान दी। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद राशि से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा अपने गांव के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करता है। यह सम्मान न केवल उन व्यक्तियों को प्रेरित करता है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, बल्कि यह अन्य लोगों को भी प्रेरित करता है कि वे भी अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य करें और समाज के लिए कुछ करने का प्रयास करें। जिन शिक्षकों ने अपने छात्रों को अच्छी शिक्षा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिन डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने अपने मरीजों की सेवा में उत्कृष्ट कार्य किया है।

जिन लोगों ने पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जैसे की पेड़ लगाना, जल संचयन करना और कूड़ा-कचरा प्रबंधन करना। जिन लोगों ने समाज में वंचित और जरूरतमंद लोगों की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जैसे कि अनाथालयों में सेवा करना, वृद्धाश्रमों में सेवा करना और आपदा प्रबंधन में सेवा करना। जिन खिलाड़ियों ने अपने खेल में उत्कृष्ट कार्य किया है और अपने गांव का नाम रोशन किया है। देश सेवा कर अपने गांव का नाम रोशन कर रहे हैं। इस सफल आयोजन के लिए ग्रामवासियों को बधाई दी।

श्री चंद्राकर ने कहा डांस एक ऐसी कला है, जो हमें अपने भावनाओं को व्यक्त करने का एक सुंदर माध्यम प्रदान करती है। यह हमें अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती है। इस प्रतियोगिता में हमने विभिन्न प्रतिभागियों को एक साथ लाया है, जो अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। मैं इन सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि वे अपने डांस में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे।



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सरपंच पदमा बाई साहू, जनपद सदस्य भानाबाई ठाकुर, शिवकुमारी वैष्णव, पूर्व सरपंच रविंद्र यादव, अमोश्वर राजू यादव, परमानंद यादव, नरेंद्र देशमुख, उत्तम चंद्राकर, कांतिलाल देशमुख, दीपक यादव, झावेंद्र भूषण वैष्णव, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश देशमुख, प्रीत लाल ठाकुर, संदीप चंद्राकर, दो दशमत देशमुख, चुन्नू लाल सिन्हा, कैलाश सिन्हा, शिवकुमार निर्मलकर, भानु प्रकाश साहू, रविंद्र साहू, गजल यादव, परमानंद यादव, शत्रुहन साहू, मोहन ठाकुर एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

# यातायात जागरुकता रथ पहुंचा कुसुमकसा का बाजार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात प्रभारी राकेश ठाकुर के नेतृत्व व नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा और थाना प्रभारी दल्लीराजहरा सुनील तिर्की के मार्गदर्शन में यातायात जागरूकता रथ साप्ताहिक बाजार कुसुमकसा पहुंचा।

यातायात जागरूकता रथ वाहन के साथ पांपलेट वितरण कर यातायात के नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कर्मचारियों ने यातायात नियमों का पालन कर जीवन सुरछित बनाने की अपील के साथ दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को रोककर समझाइस दी। इस दरम्यान यातायात जागरूकता रथ के साथ अफजल खान सहायक उप निरीक्षक, विकास रावटे, मनोज चंद्रा ने सड़क पर हमेशा बाएं चलने एवं यातायात संकेतों का पालन करने, बीच सड़क में वाहन खड़ी ना करने, शराब सेवन कर वाहन ना चलाने, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, वाहन संबंधी दस्तावेज हमेशा पूर्ण रखने, मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाकर वाहन ना चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करने, रात्रि में अपर डिपर का उपयोग करने सहित अन्य यातायात नियमों की जानकारी सैकड़ों दो पहिया वाहन चालकों को देते हुए उनका पालन करने की अपील की।

---

# दीक्षार्थी राखी का एपीएस ने किया अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

आनंद पब्लिक स्कूल में 3 जनवरी को 10.30 बजे राखी सांखला, मगन बाई हस्तीमल सांखला की पौत्री तथा ललिता मुकेश सांखला की पुत्री का स्कूल परिवार ने भव्य स्वागत किया।

ज्ञात हो कि राखी सांखला आनंद पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा रह चुकी है तथा शाला नायिका का पद संभाल चुकी है तथा 2015-16 में 12वीं के परीक्षा में राखी सांखला ने अपने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। वह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही। विदित हो कि 7 फरवरी को राजस्थान की धरती नोखा मंडी में दीक्षा संपन्न होने जा रहा है एवं स्कूल परिसर में सभी गुरुजनों व विद्यार्थियों से क्षमा याचना करते हुए जाने अनजाने में हुई गलती के लिए क्षमा मांगी। राखी सांखला ने अपने संदेश में सभी बच्चों को नशा से मुक्त रहने एवं अपने माता-पिता एवं गुरुजनों की सम्मान करने की सीख दी। सभा को अध्यक्ष नोपचंद जैन, पूर्व अध्यक्ष मिश्रीलाल जैन ने भी संबोधित किया।

सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद जैन, उपाध्यक्ष प्रतीक जैन, सचिव रवि जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, संदीप कुमार जैन एवं प्रभा जैन आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार जैन ने किया।

---

# मंच निर्माण के लिए विधायक निषाद ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

ग्राम चिचबोड़ में स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण एवं गड़िया देव मंदिर के पास मंच निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विधायक कुंवर सिंह निषाद ने किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि जनता की हर समस्याओं का समाधान एवं क्षेत्र की प्रगति के लिए जनसंवाद बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। आपके सुझाव एवं मार्गदर्शन के साथ हमारा यही प्रयास है कि हम हर दिन आपकी सुविधाओं के लिए कुछ बेहतर करते रहें। गांव में हुए इन सभी विकास कार्यों से जनता को सुविधा मिलेगी।

साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित होगा, जो यह विकास की सौगात जनता को मिली है, उससे ग्रामवासियों में भी ख़ुशी स्पष्ट दिखाई दे रही है। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित है।



---

## नववर्ष पर शाला प्रबंधन समिति छात्रों को कराया न्योता भोज...



**बालोद।** पूर्व माध्यमिक शाला कोहंगाटोला के बच्चों को शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र सिन्हा ने नववर्ष पर न्योता भोज कराया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख अमर भुआर्य, लक्ष्मी ठाकुर, प्राचार्य आरएस. भुआर्य, देवेन्द्र गंगवंशी, शिक्षक कृष्णकांत यादव, पवन कुंभकार, धीराज कस्तुरे, गीताजंली कमल, श्वेता मेश्राम, संतोषी शांडिल्य, तुलसी डोंगरे, इंदिरा दुबे, अरुणा ठाकुर, तीरथ साहू, विजय साहू, तिलोका बाई, भुनेश्वरी, सीतेश बाई उपस्थित थीं।

---

# आनंद मेले में छात्रों ने लगाए विभिन्न व्यंजनों के स्टाल



**डौंडी।** शासकीय प्राथमिक शाला लिम्हाटोला में नववर्ष के उपलक्ष में आनंद मेला का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसमें शाला के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया। छात्रों ने पांच स्टाल लगाए, जिसमें गुपचुप, आरसा, भेल, सूजी केक, इडली, समोसा, ढोकला तथा गुजिया आदि रखा गया था। सभी ग्रामवासी विशेष कर माताओं ने मेले में सहयोग दिया तथा आनंद मेले का आनंद लिया। मध्यान भोजन के पश्चात छात्रों व माताओं के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया, जिसमें सुरीली कुर्सी, रिले रेस, अप डाउन रेस, रस्सी कूद आदि खेलों का आयोजन किया गया।

---

# राज्य स्तरीय अटल इनोवेशन के लिए टटेगा हायर सेकंडरी के तीनों मॉडल का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ युनिसेफ और पाईजेम फाउंडेशन द्वारा अटल टिंकलिंग लेब के सुदृढ़िकरण के लिए कोडिंग एबम लो कॉस्ट मेकर स्पेस कार्यक्रम के अंतर्गत बालोद जिले के सभी विद्यालय से उनके नावाचार के सिद्धांत एवं क्रिया विधि के प्रस्ताव ऑनलाइन मंगये गये थे। इसमें लगभग 120 मॉडल का प्रस्ताव जिला कार्यालय को प्राप्त हुआ। इसमें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के तीनों मॉडल सहित कुल 16 मॉडल का चयन राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए किया गया।

इन सभी नवाचारों में मार्गदर्शन शिक्षक के रूप में भौतिक की व्याख्याता पवन सिन्हा का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन प्रथम मॉडल के रूप में साक्षी, दीक्षांत और त्रिलोक ने श्वेस्ट एंड डस्ट कलेक्शन ऑफ़ द बस एंड रोड। द्वितीय मॉडल के रूप में अभिषेक, मयंक और मोहित ने सेफ्टी मेकैनिज्म फॉर ड्राइवर एंड कंडक्टर पर एवं तृतीय मॉडल दिशा, रागिनी और दिव्या ने श्सेफ्टी डिवाइस फॉर पब्लिक इन द पिकनिक स्पॉटश पर किए गए नवाचार को आमंत्रित किया गया।

उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य आर के देवांगन, आरडी देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देवनाथ, हेपशिबा एंथोनी, अजय पाठक, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, बिंदु साहू, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेन्द्र नेताम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हर्ष व्यक्त किया।

---

# छत्तीसगढ़ की टीम भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित




**बालोद।** सामाजिक संगठन विश्व मानवाधिकार परिषद द्वारा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 10 दिसंबर को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की 76वीं वर्षगांठ मनाई गई। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमती नगर लखनऊ में संगठन के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एमआर. अंसारी की अध्यक्षता में भारत गौरव अवार्ड 2024 का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय अध्यक्ष पायल पोपटानी के मार्गदर्शन से प्रदेश की टीम को संगठित कर हमेशा प्रोत्साहित करते हैं। इस वज़ह से छत्तीसगढ़ की टीम को भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। मौसमी सिन्हा, शकुन क्षत्रीय, कुलवंत सिंह, संतोष कुमार पांडे, सरोज नागवंशी सभी पदाधिकारियों को ट्राफी, सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

---

**ग्राम धानापुरी में पं. कृष्ण कुमार की भागवत कथा जारी**

# भगवान का विराट स्वरूप है समस्त ब्रह्मांड का प्रतीक, जिसमें समाहित है सारा संसार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

ग्राम धानापुरी में ग्रामीणों के सहयोग से नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 2 से 10 जनवरी तक किया जा रहा है। इसके कथा वाचक पं. कृष्ण कुमार तिवारी हैं। भागवत कथा के प्रथम दिन गली भ्रमण कराया गया, जहां ग्राम की महिलाएं सिर पर कलश धारण कर गली भ्रमण की।

भागवत कथा के प्रथम दिन बेदी पूजा गोकर्ण कथा के साथ प्रारंभ की गई। कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पं. कृष्ण कुमारी तिवारी द्वारा राजा परीक्षित, वराह अवतार की कथा बताते हुए भगवान के विराट स्वरूप और वराह अवतार की महिमा का विस्तृत वर्णन किया। इस कथा में भगवान विष्णु के वराह अवतार के रूप में हिरणाक्ष का वध कर पृथ्वी का कल्याण कैसे किया विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि भगवान का विराट स्वरूप समस्त ब्रह्मांड का प्रतीक है, जिसमें सारा संसार समाहित है। भगवान के विराट शरीर में सम्पूर्ण सृष्टि, पृथ्वी, आकाश, जल, अग्नि और वायु का स्थान है। इस विराट स्वरूप को देख कर राजा परीक्षित अत्यंत प्रभावित हुए और भगवान की अनंत शक्तियों का अनुभव किया।

तिवारी ने बताया कि भगवान ने पृथ्वी का कल्याण कर समस्त जीवों की रक्षा की। उन्होंने कहा कि जब–जब संसार में धर्म की हानि होती है और अधर्म का वर्चस्व बढ़ता है, तब भगवान अवतार लेकर पृथ्वी की रक्षा करते हैं। समिति से मिली जानकारी अनुसार श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारा भोजन की व्यवस्था की गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन से - 29 मार्च से 08 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर-16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।



संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport